कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-19.01.2025

विषय:- थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा दहेज हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त हिमान्शु कृष्णा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-22/2025 धारा 80(2),85 बी0एन0एस0 व 3/4 डी0पी0 थाना मंडुवाडीह कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त हिमान्शु कृष्णा पुत्र भानुप्रताप सिंह निवासी-डी 65/483 लहरतारा थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी को आज दिनांक-19.01.2025 को समय करीब 12.15 बजे भुल्लनपुर रेलवे स्टेशन के बाहर प्लेट फार्म नं0-01 से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 17.01.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने शादी के बाद से ही विपक्षीगण द्वारा प्रार्थी की लड़की को दहेज के लिए प्रताड़ित करने तथा विपक्षी हिमान्शु कृष्णा उपरोक्त के दुर्व्यवहार से तंग होकर प्रार्थी की लड़की द्वारा दिनांक-16.01.2025 को फांसी लगा लेने जिससे उनकी लड़की की मृत्यु हो गयी के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना माण्डुवाडीह में मु0अ0सं0-22/2025 धारा 80(2),85 बी0एन0एस0 व 3/4 डी0पी0 एक्ट पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

हिमान्शु कृष्णा पुत्र भानुप्रताप सिंह निवासी-डी 65/483 लहरतारा थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी, उम्र 27 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक,समय व स्थान- दिनांक-19.01.2025 को समय करीब 12.15 बजे, भुल्लनपुर रेलवे स्टेशन के बाहर प्लेट फार्म नं0-01 से।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 22/2025 धारा 80(2),85 बी0एन0एस0 व 3/4 डी0पी0 थाना मंडुवाडीह कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 पवन कुमार थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
2. हे0का0 दयाशंकर शर्मा थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 धर्मेन्द्र भारती थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी